**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
Employees' Provident Fund Organisation
**(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)**
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
**मुख्य कार्यालय**/Head Office
**भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066**
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
वैबसाईट/Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in


संख्या :हि.अ./राजभाषा सम्मेलन-16/2017-18 1852 दिनांक: 07 JUN 2018

सेवा में,

अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (अंचल),
निदेशक पी.डी.ना.स.
अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त (प्रशा.) मुख्यालय
सभी क्षे.भ.नि.आ., क्षेत्रीय कार्यालय एवं आंचलिक/उप-आंचलिक आंचलिक प्रशिक्षण संस्थान

**विषय: 16वां अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन - हिंदी टिप्पण/आलेखन एवं नकद पुरस्कार योजना (मद सं. 10) के संबंध में।**

**संदर्भ: हि.अ./राजभाषा सम्मेलन-16/6/2017-18/5857 दिनांक 28.03.2018**

महोदय/महोदया,

हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वार्षिक मूल टिप्पण-आलेखन पुरस्कार योजना कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में भी लागू हैं। इस योजना के अंतर्गत कुल 10 पुरस्कार (02 प्रथम, 03 द्वितीय व 05 तृतीय) दिए जाते हैं। यह योजना मुख्यालय सहित संगठन के सभी कार्यालयों में एक समान रूप से लागू हैं।

इसके अतिरिक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के अधिकारियों / कर्मचारियों हेतु हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन नकद पुरस्कार योजना भी लागू है। इस योजना के तहत 'ख' क्षेत्र में अपने कुल कार्य का 75 % कार्य हिंदी में करने वाले तथा 'ग' क्षेत्र में 50 % कार्य हिंदी में करने वाले अधिकारी/कर्मचारी पुरस्कार के लिए पात्र है। 16वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में उपर्युक्त मद की समीक्षा के दौरान यह देखा गया कि बहुत से फील्ड कार्यालयों द्वारा या तो इस योजना को लागू नहीं किया गया या इस योजना में किसी भी कर्मचारी ने भाग ही नहीं लिया है।

अत: आपसे अनुरोध है कि राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए इन योजनाओं को समस्त कार्यालयों में सख्ती से लागू किया जाना सुनिश्चित करें।

(केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त महोदय के अनुमोदन से जारी)

**भवदीय**

**अनुलग्नक : यथोपरि**

**(के.एल. गोयल)**
**अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय) एवं प्रभारी राजभाषा**